horizon hind खबर
www.horizonhind.com

# हॉरइज़न हिन्द

RNI NO. : RAJBIL/2013/50688 पाक्षिक डाक पंजीयन.: RJ/AJ/161/2016-2018

वर्ष 5 अंक 23 हिन्दी/अंग्रेजी पाक्षिक अजमेर, 10 सितंबर, 2017 सम्पादक: नरेश राघानी पृष्ठ 4 मूल्य 5 रुपये

## संपादकीय

नरेश राघानी

बेशक वर्ष 1993 में हुए मुंबई बम विस्फोट कांड में कानून के हाथ धीरे-धीरे अपराधियों तक पहुंच रहे हैं, लेकिन यह सवाल हमारे सामने है कि 24 साल बाद न्यायिक प्रक्रिया का इस मुकाम तक पहुंचना कितने संतोष की बात हो सकता है? इस सामूहिक हत्याकांड के प्रमुख षड्यंत्रकारियों में से एक याकूब मेमन को सवा दो साल पहले फांसी दी गई थी। अब मुंबई के टाडा (आतंकवादी एवं विध्वंसकारी गतिविधि निरोधक कानून) कोर्ट ने दो और प्रमुख अपराधियों (ताहिर मर्चेंट और फिरोज खान) को सजा-ए-मौत सुनाई है। लेकिन मुंबई में अलग-अलग जगहों पर बम रखने की साजिश में दूसरे कई लोगों को शामिल करने और हमले के लिए सामान जुटाने वाला प्रमुख मुजरिम अबू सलेम कठोरतम सजा पाने से बच गया है।

दरअसल, सलेम हमारी सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देते हुए भागकर पुर्तगाल चला गया था। वहां से उसका प्रत्यर्पण उसकी जिंदगी की गारंटी बन गया। यूरोपीय मानवाधिकार संधि के तहत पुर्तगाल ने उसे भारत को सौंपने के पहले मृत्युदंड ना देने की शर्त लगा दी। भारत उस शर्त से बंधा हुआ है। लेकिन इस कांड में मृत्युदंड पाने वाले दूसरे अपराधी इसे जरूर एक विसंगित के रूप में देखेंगे। टाडा कोर्ट ने अबू सलेम और करीमुल्लाह शेख को उम्रकैद की सजा सुनाई है। एक अन्य मुजरिम रियाज सिद्दीकी को 10 साल कैद की सजा सुनाई गई है।

बहरहाल, यहां पर यह ध्यान में रखना होगा कि अभी फैसला टाडा कोर्ट, यानी इस मामले में सबसे निचली अदालत का आया है। अभी हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाने के विकल्प इन अपराधियों के सामने खुले हुए हैं। यानी पूरा न्याय होने में अभी और वक्त लगेगा। वैसे इन सबको सजा मिल गई, तब भी मुंबई बम कांड में न्याय प्रक्रिया अधूरी ही रहेगी। इस कांड के सरगना तो दाऊद इब्राहिम और टाइगर मेमन थे। टाइगर मेमन को भारतीय अदालत मृत्युदंड सुना चुकी है। लेकिन इन दोनों ने पाकिस्तान में पनाह ले रखी है।

क्या किसी कांड में सरगनाओं के सुरक्षित रहते कहा जा सकता है कि पूरा इंसाफ हो गया? दाऊद और टाइगर जैसे दुर्दांत अपराधियों को वापस ना ला पाना पिछली लगभग चौथाई सदी में भारतीय कूटनीति की शायद सबसे ब?ी विफलता है। हमारी सरकारें उन्हें सौंपने के लिए पाकिस्तान को राजी या मजबूर नहीं कर पाईं। इससे भारतवासियों में अक्सर लाचारी और आक्रोश की भावना पैदा होती रही है। मुंबई धमाकों में 257 लोग मारे गए थे। सात सौ से ज्यादा लोग जख्मी हुए थे। बताया जाता है कि दिसंबर 1992 और जनवरी 1993 में मुंबई में हुए सांप्रदायिक दंगों का बदला लेने के लिए दाऊद, टाइगर मेमन और उसके दूसरे साथियों ने उस कांड को अंजाम दिया। खासकर भारत की आर्थिक शक्ति के प्रतीक ठिकानों को निशाना बनाया गया। उससे लगे सदमे की याद आज भी देशवासियों को परेशान करती है। उस मामले में पूरा और सख्त न्याय हो, यह उनकी अपेक्षा रही है। जबकि असल में सारी कार्यवाही बेहद धीमी गति से चली। और इतनी लंबी अवधि के बाद भी आधा-अधूरा इंसाफ ही हुआ है। इससे आखिर कैसे तसल्ली हो सकती है?

# हुक्के के धुएं में उड़ता जीवन

## प्रतिष्ठित स्कूल और कॉलेज के बच्चे हुक्काबार की गिरफ्त में, पुलिस की नाक के नीचे पनप रहे हैं हुक्का बार, युवतियां भी ले रहे हैं कश का नशीला मजा

**सिटी रिपोर्ट। अजमेर**

अब अजमेर शहर भी आधुनिक महानगरों में शुमार हो रहा है। शहर में अवैध रूप से हुक्का बार संचालित हो रहे हैं। युवक और युवतियां वहां बैठकर जिंदगी को धुएं में उठा रहे हैं। महा नगरों की तर्ज पर अपराध और नशे का कारोबार चल रहा है। नशे के नए नए ठिकाने बन रहे हैं। ये हुक्का बार युवाओं की पसंदीदा जगह बन रहे हैं। हुक्का बार पूरी तरह अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। हुक्काबारों में नए नए फ्लेवर के साथ स्मैक सहित अन्य प्रकार के धुम्रपान की नशाखोरी की जाती है। अवैध रूप से चल रहे हुक्का बारों पर कई पुलिस दबिश हो चुकी है लेकिन यह कारोबार पुलिस की नाक के नीचे फल फूल रहा है।





हुक्का बार में दबिश के दौरान पुलिस गिरफ्तारी के बाद मुंह छिपाती युवती।

### फ्लेवर और हर्बल हुक्के के जरिए शरीर में जहर खींच रहे हैं युवा

कुछ समय पहले तक हुक्का गांव के बुर्जुगों के लिए नशे का साधन था। लेकिन अब यह युवाओं का खास शौक बन रहा है। इसकी चपेट में युवा पीढ़ी तेजी से आ रही है। जगह जगह हुक्का बार खुलने लगे हैं। यह युवाओं का स्टेटस सिंबल हो रहा है। हुक्का बारों में मिल रहा फ्लेवर और हर्बल फ्लेवर के मजू लूटने वाली युवा पीढ़ी इस बात से अंजान है कि वो शरीर में जहर पहुंचा रही है। इन हुक्का बारों में 200 से 300 रुपए की कीमत पर अलग-अलग फ्लेवर के कश मिल रहे हैं। प्रतिष्ठित स्कूल, कॉलेज और घरों के बच्चे इन हुक्का बारों के कश खिंचते हुए मदहोशी में बैठे देखे जा सकते हैं। फ्लेवर के नाम पर हुक्का बड़बड़ा रहे युवाओं को नहीं पता कि उनके एक कश के साथ कितने खतरनाक रसायन उनके शरीर में जा रहे हैं। हुक्का कोयले से जलाया जाता है। इसके साथ ही इसमें मैलेशिश यानि शीरा का प्रयोग होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि हुक्का में अमोनिया, मैथानोल, ऐसीटोन,नैफ्थेलेमिन, पाइरिन सहित अन्सय रासयन बनते हैं जो शरीर के स्नायु तंत्र के लिए बहुत ही खतरनाक है। इससे हाट संबंधित परेशानियों सहित नपुसंकता आती है।

### सौ सिगरेट पीने जितना खतरनाक है चार घंटे हुक्का पीना

पुलिस ने बताया कि हुक्का पार्लर चलाने वाले कर्मचारियों को भी हिरासत में लिया गया है। बार और रेस्टोरेंट के कागजों की भी पड़ताल की जा रही है। गौरतलब है कि मुंबई के थ्री स्टार और फाइव स्टार होटलों में हुक्का पार्लर पहले से चल रहे हैं।

इन्हीं की तर्ज पर देश के अन्य शहरों में स्थित छोटे होटलों और रेस्टोरेंटों में हुक्का पार्लरों के खुलने का सिलसिला शुरू हो गया है। हुक्का पीने के ज्यादातर शौकीन या तो स्कूल कॉलेज के नौजवान हैं। हुक्का पीने वालों में लड़कियों की तादाद अच्छी खासी है।

## पुलिस ने हुक्का बार से दो युवतियों सहित 9 युवकों को लिया हिरासत में

### डेमोस्ट्रेशन सकूल के सामने चल रहा था हुक्का बार

**सिटी रिपोर्ट। अजमेर**

वैशाली नगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डेमोस्ट्रेशन स्कूल के सामने चल रहे एक अवैध हुक्का बार पर दबिश देकर 2 युवतियों सहित 9 युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पुलिस की कार्रवाई से हुक्का बार में मौज मस्ती में डूबे युवक और युवतियों के होश फाख्ता हो गए।

मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। गुरुवार को आईपीएस मोनिका सेन के निर्देश के बाद वैशाली नगर थाना पुलिस की टीम ने डेमोस्ट्रेशन स्कूल के सामने चल रहे जंक यार्ड नाम के एक रेस्टोरेंट पर छापा मारा। रेस्टोरेंट के अन्दर अवैध रूप से हुक्का बार संचालित किया जा रहा था। जिसमें कई विदेशी फैलेवरों के नशीले पदार्थ का सेवन कराया जाता था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जंक यार्ड के संचालक को हिरासत में लिया। साथ ही वहां मौजूद युवकों को भी पूछताछ के लिए पुलिस चौकी लेकर गए। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान संभ्रत घरों की दो युवतियां भी मिली। पुलिस ने उनसे भी पूछताछ की। पुलिस ने जंक यार्ड से तीन हुक्का भी जब्त किए। पुलिस ने हक्का बार चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की बात पर कहा कि काफी दिनों से अवैध रुप से चलने वाले हुक्काबारों के बारे में शिकायतें आ रही थी।

## एवीएनएल के भ्रष्ट जेईएन को भेजा जेल

**अजमेर।** बिजली का मीटर जल्दी लगाने के नाम पर रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफतर हुए एवीएनएल के जेईएन प्रवीण शर्मा को अदालत के आदेशों के बाद जेल भेजा गया। जेईएन प्रवीण शर्मा ने लोहाखान के रहने वाले देवेंद्र सिहं राठौड नाम के एक उपभोक्ता से बिजली का मीटर जल्दी लगाने के नाम पर रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने रिश्वत की मांग की जानकारी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों को दे दी। एसीबी अधिकारियों ने मामले की पुष्टि होने के बाद अपना जाल बिछा दिया। शुक्रवार को पीड़ित उपभोक्ता लोहाखान निवासी देवेंद्र सिंह राठौड़ रिश्वत के सात हजार रुपए लेकर एवीएनएल के दफफ्तर पहुंचा। जहां सादी वर्दी में पहले से मौजूद ऐसीबी के अधिकारियों भी मौजूद थे। जैसे ही जेईएन प्रवीण जैन ने रिश्वत के सात हजार रुपाए लिए। एसीबी अधिकारियों ने उसे रंगे हाथों धर दबोचा लिया।

## लोक अदालत में निबटाएं गए सैंकड़ों मुकदमें

**अजमेर।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से देश भर में लगाई जा रही लोक अदालत के तहत अजमेर में भी लोक अदालत लगाई गई। लोक अदालत के माध्यम से सैंकडों मामलों का निस्तारण किया गया। न्यायधीशों ने लोगों को समझाइस कर विभिन्न मामलों में सुलह कराई। शनिवार को सुबह से ही अदालतों में भारी भीड़ लगी। अदालतों द्वारा फरियादियों को नोटिस देकर लोक अदालत के लिए बुलाया था। लंबे समय से कोर्ट में पड़े मुकदमों के निस्तारण के लिए लोक अदालते लगाइ जा रही है। जिससे अदालतों का कार्य भार कुछ कम हो सके और लोगों को भी जल्दी न्याय मिल सके।

## चोर दुकान में घुसा, मोबाइल उठाया और चलता बना

**अजमेर।** अलवर गेट थाना क्षेत्र में एक चोर ने पांच मिनट में ही दुकान पर रखे पैनासोनिक मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। दुकानदार राजकुमार वैलिडंग का काम करता है। वह पास की दुकान पर पांच मिनट के लिए किसी काम से गया था। इतनी ही देर में एक चोर हेलमेट पहनकर वहां पहुंचा औश्र उसने मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया।

## केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावेडकर ने किया विवेकानंद मॉडल स्कूल का शुभारंभ

### मंत्री अनिता भदेल और संसदीय सचिव सुरेश रावत नहीं पहुंचे कार्यक्रम में

**सिटी रिपोर्ट। अजमेर**

राजस्थान सरकार की मॉडल सकूल योजना के तहत माकडवाली गांव में बनाए गए नव निर्मित स्वामी विवेकांनद मॉडल स्कूल का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावेड़कर ने किया। शिक्षा राज्यमंत्री वासुदेव देवनानी के प्रयासों से बने इस विद्यालय की बिल्डिंग किसी प्राइवेट सकूल की तरह ही है। यहां शिक्षा की अन्य सरकारी स्कूलों की तुलना में गुणवत्ता पूर्ण ही रहेगी। केंद्रीय मंत्री आगमन पर उनका स्वागत राजस्थानी पंरपरा से किया गया। स्कूल के छात्रों ने केसरिया साफा पहन रखा था। प्रकाश जावेड़कर ने इसकी तारीफ करते हुए कहा कि यही तो न्यू इंडिया है। बच्चों को जैसे संस्कार देंगे वो वैसे ही बनते हैं। केंद्रीय मंत्री ने स्कूल परिसर में लगाई गई स्वामी विवेकानंद की मूर्ति को माल्यार्पण किया। जावेड़कर ने



स्कूल के कमरों का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि महिला बाल विकास मंत्री अनिता भदेल और अतिथि संसदीय सचिव सुरेश रावत थे। लेकिन दोनों ही नेता कार्यक्रम में नहीं पहुंचे।

वहीं देहात अध्यक्ष बीपी सारस्वत, अजमेर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष शिव शंकर हेड़ा, नगर निगम के मयर धर्मेंद्र गहलोत, पुलिस महानिरीक्षक मालिनी अग्रवारल, कलेक्टर गौरव गोयल, पुलिस अधीक्षक राजेंद्रसिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और शिक्षा विभाग के कर्मचारी कार्यक्रम में थे। मीडिया कर्मी केंद्रीय मंत्री प्रकाश जोवड़कर से बातचीत के लिए पूरे कार्यक्रम के समाप्त होने का इंतजार करते रहे।

लेकिन कार्यक्रम समाप्त होने के बाद केंद्रीय मंत्री जावेड़कर ने मीडिया कर्मियों से बातचीत नहीं की। इससे पहले विवेकानंद स्कूल पहुंचने पर प्रकाश जावेडकर का जोरदार स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने भी अलग-अलग स्थानों पर जावेड़कर का स्वागत किया।



अजमेर. गणेश वसिर्जन से पूर्व गजानंद महाराज का शृंगार करते श्रद्धालु

### गाजे बाजे और गुलाल के साथ दी भगवान गणेश को विदाई

**अजमेर।** अनंत चुर्तदर्शी के मौके पर शहर भर में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। नगर निगम की ओर से आजाद पार्क में प्रतिमाओं के विसर्जन की विशेष व्यवस्था की गई थी। सोमवार को सुबह से ही लोगों का विर्सजन के लिए पहुंचना शुरू हो गया था। लोग ढोल बजों के साथ गुलाल उड़ाते हुए विसर्जन के लिए पहुंचे। आजाद पार्क में बनाए गए अस्थाई पानी के कुंड में मूर्तियों का विसर्जन किया गया।

## एमडीएस यूनिवर्सिटी में एबीवीपी को करारी हार

**अजमेर।** अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले हो रहे छात्र संघ चुनावों के मतों का पिटारा खुला तो भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के चेहरों पर शिकन नजर आ गई। भाजपा से संबंध माने जाने वाले देश के प्रमुख विद्यार्थी संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को कहीं अपनी गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा तो कहीं उसके प्रतिद्वंदी संगठन एनएसयूआई ने सीधे- सीधे ही मात दे दी। चुनाव का परिणाम जर्बदस्त चौंकाने वाला रहा। महर्षि दयानंद कॉलेज में एबीवीपी के पूरे पैनल को विद्यार्थियों ने खारिज कर दिया। यहां एबीवीपी के सारे उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा। यूनिवर्सिटी में एबीवीपी के बागियों ने जीत दर्ज कराई। एबीवीपी संगठन की और से अध्यक्ष पद को छोड़क र तीन अन्य पदों पर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को टिकट दिए गए थे। जिससे नाराज एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने अपना ही पैनल बनाकर चुनाव लड़ा।

# भागती फिर रही है रंगीले की हनीप्रीत

## डेरा सच्चा सौदा में तलाशी जारी, राम रहीम की गुफा से साध्वियों के ठिकाने तक जाने वाली सुरंग का पता चला, यौन शौषण का खेल चल रहा था रंगीन बाबा के डेरे में


**डेरा सच्चा सौदा में अवैध फैक्ट्री से 82 पेटी विस्फोटक बरामद हुए हैं. फॉरेंसिंक विभाग की टीम यहां गहन छानबीन में जुटी है।**

**डेरा सच्चा सौदा में तलाशी जारी, राम रहीम की गुफा से साध्वियों के ठिकाने तक जाने वाली सुरंग का पता चला**

- **सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा परिसर में तलाशी अभियान दूसरे दिन भी जारी है.**
- **तलाशी अभियान में धीरे-धीरे डेरे के राज सामने आ रहे हैं**
- **शनिवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान भी कई चीजें सामने आई थीं**

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा में गुरमीत राम रहीम के डेरा सच्चा सौदा मुख्यालय में आज दूसरे दिन भी तलाशी अभियान जारी है. आज तलाशी अभियान के दौरान डेरा परिसर में विस्फोटक बनाने की अवैध फैक्ट्री पकड़ी गई है. इस फैक्ट्री से 82 पेटी विस्फोटक बरामद हुए हैं. फॉरेंसिंक विभाग की टीम यहां गहन छानबीन में जुटी है. यहां एक सुरंग का भी पता चला है. यह सुंरग राम रहीम की गुफा से होते हुए सीधे साध्वियों के रहने के स्थान पर खुलती है. वहां से एके 47 रखने वाला बॉक्स भी मिला है।

शनिवार से जारी तलाशी अभियान में धीरे-धीरे डेरे के राज सामने आ रहे हैं. डेरे से शनिवार को 5 लोगों को आजाद कराया गया था, जिनमें 2 नाबालिग हैं. नाबालिग लडके कैथल (हरियाणा) और उत्तर प्रदेश के हैं. दोनों लडकों को जिला बाल सुरक्षा अधिकारी को सौंप दिया गया। डेरा सच्चा सौदा की तलाशी में मिली बिना रजिस्ट्रेशन की लग्जरी कार, हनीप्रीत का कमरा सील किया। फॉरेंसिंक टीम ने उस गुफा का भी मुआयना किया, जिसमें राम रहीम ने दो महिलाओं के साथ रेप किया था. जांच में कैश भी बरामद हुआ है, कुछ हार्ड डिस्क भी मिली है.कई डेरा अनुयायियों ने मीडिया से कहा कि गुरमीत राम रहीम और उसके बेहद करीबी लोगों के अलावा किसी अन्य को भी गुफा के अंदर जाने की अनुमति नहीं थी.









**बाबा की गिरफ्तारी से पूर्व फैली हिंसा के दौरान कई गाड़िया जला दी गई। इस दौरान प्रशासन को कफ्यू लगाना पड़ा।**

**क्या है मुंहबोली बेटी हनीप्रीत के साथ गुरमीत राम रहीम के रिश्ते की सच्चाई ?**

शनिवार को तलाशी के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन प्लेट वाली एक लग्जरी कार और पुराने करंसी नोट बरामद किए गए. एक ओबी वैन, बिना लेबल वाली कुछ दवाएं और एक वॉकी-टॉकी सेट बरामद किया गया।

**सर्च ऑपरेशन में खुलते जा रहे हैं डेरा सच्चा सौदा के राज**

पंजाब-हरियाणा हाइकोर्ट के नियुक्त किए गए कोर्ट कमिश्नर की निगरानी में तलाशी अभियान चल रहा है. इस अभियान को 10 भागों में बांटा गया है. सर्च ऑपरेशन के लिए एसपी रैंक के अधिकारियों की 10 टीमें बनाई गई हैं. सिरसा में फिलहाल कर्फ्यू लगा हुआ है. पूरे तलाशी अभियान की सीलबंद रिपोर्ट हाइकोर्ट को सौंपी जाएगी.

# जयपुर में पुलिस और प्रदर्शनकारियों में खूनी झड़प, फायरिंग में एक शख्स की मौत

## कुछ इलाकों में कर्फ्यू, जयपुर में उग्र भीड़ ने कई वाहनों को आग लगा दी





**राजधानी जयपुर में फैली हिंसा के दौरान तैनात पुलिसकमी व धूं-धूं कर जलते वाहन।**

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के रामगंज इलाके में शुक्रवार देर शाम पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच जमकर झड़प हुई. पुलिस फायरिंग में एक शख्स की गोली लगने से मौत हो गई. इस झड़प में 8 पुलिसकर्मी समेत कई लोग घायल हुए. एक पुलिसकर्मी की हालत गंभीर बनी हुई है. शहर के चार थानों में कर्फ्यू लगा हुआ है और इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है.

दरअसल इस इलाके में बेतरतीब तरीके से खड़े ई-रिक्शों की वजह से जाम लग गया था. इसके बाद पुलिस ने उन्हें हटाना शुरू कर दिया।

इसी दौरान एक बाइक पर सवार दंपति को पुलिस की लाठी लग गई, जिसके लोग उग्र होने लगे. इसके बाद लोग भड़ गए। भीड़ ने एक पावर हाउस के अलावा पुलिस की जीप और एक एंबुलेंस समेत कई गाड़ियों में आग लगा दी. यही नहीं, वहां कई पत्रकारों पर भी हमला किया गया।

**जयपुर में पुलिस और स्थानीय लोगों में झड़पः** प्रदर्शनकारियों ने रामगंज थाने में भी घुसने की कोशिश की. भीड़ पर काबू पाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और कई राउंड हवाई फायरिंग भी की।

## रक्षामंत्री बनने के बाद निर्मला सीतारमण का बड़ा फैसला, सैन्य पुलिस में शामिल होंगी 800 महिलाएं



**नई दिल्ली।**भारतीय सेना में लिंगभेद खत्म करने की दिशा में बड़ कदम उठाया गया है. दरअसल, सेना में महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने के लिए रक्षा मंत्रालय ने 800 महिलाओं को सेना में भर्ती करने का फैसला लिया है.थलसेना के एडजुटेंट लेफ्टिनेंट जनरल अश्विनी कुमार ने पत्रकारों को इस संबंध में बताया कि इस योजना को थलसेना में लैंगिक समानता की दिशा में एक अहम कदम के तौर पर देखा जा रहा है. उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सैन्य पुलिस में करीब 800 महिलाओं को शामिल किया जाएगा, जिनमें 52 महिला जवानों को हर साल शामिल करने की योजना है. यह घोषणा निर्मला सीतारमण के देश की पहली पूर्णकालिक महिला रक्षा मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के एक दिन बाद की गई है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने अपना नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि कुछ महिला कर्मियों को क्रमिक तौर पर कश्मीर की घाटी में तैनात किया जाएगा, ताकि वे विभिन्न तरह के काम कर सकें जिनमें महिलाओं की तलाशी शामिल है. लेफ्टिनेंट जनरल कुमार ने कहा कि सैन्य पुलिस कोर में महिलाओं को शामिल करने के फैसले से लैंगिक अपराधों के आरोपों की जांच करने में मदद मिलेगी.

**सेना की प्राथमिकता में कोई बदलाव नहीं- आर्मी चीफ रावत**

इस घोषणा को महिलाओं के लिए लड़ाकू भूमिकाओं को एक तरह से खोलने के कदम के रूप में देखा जा रहा है. अभी महिलाओं को थलसेना की मेडिकल, कानूनी, शैक्षणिक, सिग्नल एवं इंजीनियरिंग जैसी चुनिंदा शाखाओं में काम करने की इजाजत दी जाती है.

**नई रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण के सामने कई चुनौतियां**

सैन्य पुलिस की भूमिका में छावनियों और थलसेना की इकाइयों की पुलिसिंग, सैनिकों की ओर से नियम-कायदों के उल्लंघन को रोकना और शांति एवं युद्ध के दौरान व्यवस्था से जुड़े इंतजाम करने सहित कई अन्य जिम्मेदारियां शामिल हैं।

हॉरइज़न हिन्द न्यूज
हर शाम 5 बजे हैडलाइन, शाम 6,30 बजे बुलेटिन
अजमेर की हर खबर देखने के लिए सब्सक्राइव करें
www. horizonhind,com

## सार समाचार

### नवनियुक्त कनिष्ठ लेखाकारों का प्रशिक्षण शुरु

**अजमेर** अब तक किराए के भवन लेकर कार्यालय संचालित करने वाली सत्ता रूढ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के स्थाई कार्यालय का सपना सच होने जा रहा है। सरकार की स्वीकृति के बाद राष्टीय दल होने के नाते भाजपा अजमेर को अजमेर विकास प्राधिकरण की ओर से जयपुर रोड पर तीन हजार वर्ग मीटर की जमीन उपलब्ध कराई जा रही है। इस भवन पर भाजपा का आधुनिक कार्यालय बनाया जाएगा। गुरुवार को अजमेर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष शिव शंकर हेड़ा ने भाजपा शहर अध्यक्ष अरविंद यादव को एक करोड़ 44 लाख रुपए का डिमांड नोट सौंपा। इस दौरान भाजपा के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इस राशि में लीज मनी भी शामिल है। अजमेर भाजपा को यह राशि एमहीने में जमा करानी होगी।

### न्यूनतम पेंशन लागू नहीं करने के विरोध में किया प्रदर्शन

**अजमेर** पेंशनर्स समाज की ओर से कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। पेंशनर्स समाज की ओर से पेंशन विसंगतियों को समाप्त करने और न्यनतम पेंशन योजना को लागू करने की मांग लंबे समय से की जा रही है। लेकिन पेंशनर्स समाज की मांगों पर सरकार की ओर से कोई कदम अभी तक नहीं उठाया गया है। जिसके चलते पेंशनर्स समाज में काफी रोष व्याप्त है।

### सेंट्रल गर्ल्स स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

**अजमेर** पुरानी मंडी स्थित सेंट्रल गर्ल्स स्कूल में डॉ. राधा कृष्णान पल्लवी का जन्म शिक्षक दिवस के रूप मनाया गया। इस मौके पर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूली छात्राओं ने अपने शिक्षकों का तिलक लगाकर स्वागत किया। बदले में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर डॉ. राधा कृष्णनन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। छात्राओं ने एक से बढकर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी।

### शुभदा स्कूल में स्पेशल बच्चों के बनाए गए आधार कार्ड।

**अजमेर** केंद्र सरकार की ओर से हर योजना का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड की आनिवार्यता के बाद शुभदा स्कूल में भी स्पेशल बच्चों के आधार कार्ड बनाने की पहली प्रक्रिया पूरी की गई। आधार कार्ड बनाने वाली टीम ने स्कूल पहुंचकर स्पेशल बच्चों के फिंगर प्रिंट लेने सहित उनका डेटा कंप्यूटर में फीड किया। जल्दी ही इन बच्चों के आधार कार्ड तैयार हो सकेंगे।

### ब्यावर नगर परिषद की स्वास्थ्य शाखा में लगी आग

**ब्यावर** नगर परिषद के स्टोर कक्ष में बीती देर रात आग लग गई। इससे वहां रखा पुराना रिकॉर्ड जलकर नष्ट हो गया। आग लगने की जानकारी हॉरइजन हिंद के कैमरा मैन सुमन प्रजापति को सबसे पहले मिली। प्रजापित की सूचना पर परिषद प्रशासन जागा। मौके पर पहुंची अग्निशमन टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक परिषद का पुराना रिकॉर्ड राख में तब्दील हो चूका था । आग लगने के कारण बिजली के तारो में शार्ट सर्किट या किसी की करतूत होने का अंदेशा जताया जा रहा है।चौकीदार शुभम ने बताया की उसे परिषद की मुख्य बिल्डिंग के पिछे स्वास्थ्य शाखा के समीप अंदर से धुआं उठता दिखाई दिया। अंदर देखा तो स्टोर रूम का रिकार्ड जल रहा था। सूचना मिलने पर सभापति बबीता चौहान, कौशल्या तुनगरिया, मंगतसिंह मोनू, स्वास्थ्य निरीक्षक हरिराम लखन सहित अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे।

### अजमेर से ढाई हजार लोग रुणिचा धाम के लिए हुए रवाना

**अजमेर** पुष्कर रोड पर लगे बाबा रामदेव के भंडारे से ढाई हजार लोग सोमवार की देर रात रुणिचा धाम के लिए रवाना हुए। पार्षद कुंदन वैष्णव की ओर से बाबा रामदेव के भक्तों को रुणिचा तक जाने और फिर से अजमेर तक लाने के लिए बस सहित अन्य व्यवस्थाओं का विशेष इंतजाम किया। रात को 8 बजे बाबा की महाआरती के बाद भंडारा स्थल से सभी श्रद्धालु बाबा रामदेव धाम के लिए रवाना हुए। सोमवार को हुए भंडारे में 20 हजार से अधिक लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। पार्षद कुंदन वैष्णव के अनुसार बाबा के धाम जाने के लिए तीन हजार से अधिक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। तीन दिन की इस यात्रा के लिए सभी भक्तों के ठहरने और खाने का विशेष प्रबंध किया गया है। हॉरइजन हिंद न्यूज ने यात्रा से पहले भंडारे पर पहुंचे सेवाधारियों से विशेष बातचीत की।

### 62 वीं जिमनास्टिक प्रतियोगिता का हुआ समापन।

**अजमेर** 62वीं जिमनास्टिक प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में कई स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापान समारोह में नगर निगम के मेयर धर्मेंद्र गहलोत, पार्षद धर्मेद शर्मा और पार्षद पंचम बना ने विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरुस्कार बांटे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कई स्कूल के विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत की थी।

### नृत्यांगना रमा वैधनाथन के नृत्य ने मोहा मन

**अजमेर** स्मीक मैके कार्यक्रम में अंतराष्टीय नृत्यांगना रमा वैधनाथन ने भरत नाटयम की प्रस्तुति देकर वाही वाही लूटी। ऑल सेंटस स्कूल में हुए कार्यक्रम में नृत्यांगना रमा वैधनाथन ने भरत नाटयम की विशेषताओं से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। रमा वैधनाथन दुनिया के 67 देशों में अपनी कला की प्रस्तुतियां दे चुकी है।

# JOB IN UAE/MALAYSIA

**JOB GURANTEE** | **LARGE VACANCIES**

* Technicians
* Masons
* Electrician
* Fabricator
* Fitter
*Helper (to skilled workers)

* Ac Technicians
* Plumber
* Carpenter
* Heavy Duty Operater
* Fitter
*Foreman

Short Listing in progress. only short listed applicants will be put up for final client interview.

Contact with complete biodata original passport & certificates

***Approved by Government of india Ministry of External Affairs***

HORIZON CAREER CONSULTANT PVT. LTD

B-36-B FIRST FLOOR, AHINSA MARG PANCHSHEEL NAGAR
AJMER - 305001 (RAJ.) INDIA.

Contact No. 8239006888, 8239037888 Email : cv@horizoncc.in

# अब आम आदमी को भी मिल रही है अच्छी शिक्षा

**केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावेडकर ने कहा - प्राइवेट स्कूलों की तरह गुणवत्ता वाली शिक्षा दे रही है सरकारी स्कूल, सबको शिक्षा और अच्छी शिक्षा की नीति पर चल रही है मोदी सरकार**

**सिटी रिपोर्ट। अजमेर**

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावेडकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास की तर्ज पर सबको शिक्षा-अच्छी शिक्षा के नारे के साथ देश में शिक्षा का नया तंत्र तैयार किया जा रहा है।

नवोय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालयों की तरह राजस्थान में विवेकानंद मॉडल स्कूल तैयार हो रहे हैं। इनकी बिल्डिंग ही खूबसूरत नहीं है बल्कि यहां दी जा रही शिक्षा में उच्च क्वालिटी की है। इस तरह के विद्यालयों में प्रधानमंत्री के न्यू इंडिया के संकल्प की झलक मिलती है। जावेडकर गुरुवार को माकरवाड़ी गांव में स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल के शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लेने अजमेर आए थे। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में हो रहे नए प्रयोगों के कारण अब उनमें निजी स्कूलों की तरह अच्छी शिक्षा मिल रही है।



**माकड़वाली में स्वामी विवेकानंद स्कूल का स्वागत करते केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर व अन्य।**

केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान सरकार की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और शिक्षा राज्यमंत्री वासुदेव देवनानी के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचारों के प्रयासों की तारीफ भी की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए शिक्षा राज्यमंत्री वासुदेव देवनानी ने केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावेडकर का आभार जताते हुए कहा कि राजस्थान में 1×4 स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूलों के माध्यम से बेहतर शिक्षा देने के प्रयास किए जा रहे है।

पिछले कुछ सालों में शिक्षा के क्षेत्र में कई प्रयोग कर इसे उच्च स्तरीय बनाया गया है।

# दिव्यांग शिक्षक व शिक्षिका के ज्ञान से विद्यार्थी बन रहे होशियार

**हाथों से विकलांग लेकिन विचारों से बलवान है शिक्षक हेमंत कुमार। शिक्षिका नेहा आंखों से नहीं देख पाती लेकिन विद्यार्थियों की है सबसे प्रिय अध्यापिका**

**हेमन्त साहू. ब्यावर**

साक्षरता का मतलब केवल पढ़ना-लिखना या शिक्षित होना ही नहीं है। शिक्षा कर्तव्य का बोध कराती है। शिक्षा प्राप्त कर हम समाज में जागरूकता व सामाजिक विकास के आयाम स्थापित कर सकते है। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शहर के कई विद्यालयो मे शुक्रवार 8 सितंबर को अन्तराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया। यूं तो कई शिक्षक अपने अपने तरीके से स्कूलों मे शिक्षा देते है। लेकिन शहर की राजकीय पटेल सीनियर सेकण्डरी विद्यालय में गणित विषय के शिक्षक हेमन्त कुमार दोनो हाथो से विकलांग होने के बावजुद सुझबुझ से विद्यार्थियो को शिक्षा दे रहे हैं। शिक्षक हेमन्त कुमार की शिक्षा से विद्यार्थी बहुत खुश हो कर विद्याअर्जन कर रहे है। हाथों से विकलांग होने के बावजूद शिक्षा का अलख जगा रहे शिक्षक हेमन्त कुमार ने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति दृढ निश्चय कर चाई व ईमानदारी से अपने कार्य को सही लगन से करे तो आगे बढने से कोई रोक नही सकता है। इसी तरह राजकीय डिग्गी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षका नेहा अग्रवाल अपनी आंखो से देख नही पाती है।

लेकिन अपने विषय को भली भंति पढाकार छात्राओ को अच्छी तरह समझाकर शिक्षा दे रही है। शिक्षिका नेहा अग्रवाल ने ब्रेल लिपी से शिक्षा अर्जन की है। नेहा संबधित विषयो का घर से पहले ही अध्ययन करके आती है। शिक्षका अग्रवाल की कक्षा में पढ रही छात्राओ ने भी अपनी टीचर के पढाने के तरीके की सराहना करते हुए बताया कि नेहा मेम को दोनो आंखो से नही दिखने के बावजुद भी कुशलता से अपने विषय को पढाती है।

## लैब कर्मचारी रहे दूसरे दिन भी हड़ताल पर

**हेमन्त साहू. ब्यावर**

संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में लैब कर्मचारी शुक्रवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। एक साथ कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से अस्पताल में जांच व्यवस्थाएं लड ?ड़ा गई। इसके साथ ही अगले दो दिन और कर्मचारी पूर्ण रूप से कार्य का बहिष्कार रखेंगे। कर्मचारियों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलन चलाया जा रहा है। कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं करने पर गुरुवार से शनिवार तक प्रदेश भर के लैब कर्मचारी 72 घंटे की हड़ताल पर चले गए।

## महाराणा प्रताप की खंडित मूर्ति को काले कपड़े से ढंकने पर गर्माया माहौल

**ब्यावर.** शहर के मेवाड़ी गेट के बाहर सर्किल पर लगी महाराणा प्रताप की खंडित मूर्ति को काले कपड़े से ढंकने पर विवाद खड़ा हो गया। विरोध बढने की आशंका को देखते सिटी पुलिस व नगर परिषद प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर मूर्ति से काला कपड़ा हटवाकर सफेद कपड़े से ढका। तब जाकर माहौल शांत हुआ। क्षेत्रवासी युवा अर्जुन राठौड़ व क्षेत्रवासियों ने पुलिस व परिषद प्रशासन के समक्ष विरोध जताते महाराणा प्रताप की खंडित मूर्ति की जगह नई मूर्ति लगाने की मांग की। महाराणा प्रताप की मूर्ति काफी समय पहले खंडित हो गई थी। लोगों द्वारा नई मूर्ति लगवाने की मांग लंबे समय से की जाती रही है। लेकिन अब तक नई मूर्ति नहीं लगवाई गई है ना ही इस मूर्ति को दुरुस्त कराया गया है। जिससे क्षेत्रवासियों व हिन्दू संगठनो में भारी रोष है। मामला बढते देख एसडीओ पीयुष समारिया, पुलिस उपाधीक्षक सीएस सोढा ने मौके पर पहुचकर क्षेत्रवासियो को नई मूर्ति लगाने का आश्वासन दिया। परिषद आयुक्त दिनेश रॉय भी मौके पर पहुंचे। क्षेत्रवासियों ने आयुक्त व क्षेत्रीय पार्षद मोतीसिंह सांखला का घेराव करते हुए महाराणा प्रताप की नई मूर्ति लगाने की मांग की। आयुक्त दिनेश रॉय ने क्षेत्रवासियो को महाराणा प्रताप की मूर्ति शीघ्र लगाने का आश्वासन दिया। तब जाकर माहौल शांत हुआ।

## लैपटॉप उड़ाने वाला चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अजमेर.** रेलवे स्टेशन पर ठगी कर एक व्यक्ति का लैपटॉप लेकर चंपत होने वाले शामित चोर को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चोरी के बाद चोर ने लैपऑप को पीसांगन में रहने वाले एक व्यक्ति को बेचे दिया था। पुलिस ने चोर की निशान देही पर चोरी का लैपटॉप खरीदने वाले को भी गिरफ्तार कर लिया। चोर ने मीन दिन पहले रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति से दोस्ती गांठ कर पहले तो उससे खाना खाया। फिर उसे विश्वास में लेकर लैपटॉप लेकर चलता बना।

## पुलिस ने तोड़ी अवैध शराब की भट्टियां

**ब्यावर.** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए ब्यावर की कंजर और सांसी बस्ति में दबिश देकर अवैध शराब बनाने की भटि्टयों को नष्ट किया। पुलिस उपाधीक्षक सीएस सोढा के नेतृत्व में आबकारी पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में शराब की भट्टियों को नष्ट कर हथकड़ी शराब बनाने के काम में लगी महिलाओं व पुरुषों सहित 10 लोगो को गिरफ्तार किया। आबकारी पुलिस थाना प्रभारी हरस्वरुपसिंह ने पुलिस बल के साथ कार्रवाई करते हुए हथकढी शराब जब्त कर मौके पर वॉश को भी नष्ट किया। टीम को मौके पर चालू भट्टी भी मिली जिसे क्षतिग्रस्त किया गया।

## राजस्व मामलों की हुई जन सुनवाई

**अजमेर।** सरकार की वीडियो कान्फ्रेसिंग का लाभ मिलना शुरू हो गया है। शुक्रवार को राजस्व से जुड़े कई मामलों का निस्तारण किया गया। जयपुर में बैठे अधिकारियों ने अजमेर के अधिकारियों कइ मामलों को लेकर जवाब तलब किया। अधिकारियों ने मामलों के निस्तारण के लिए दिशा निर्देश भी दिए।

## महिला ने लगाया यौन शोषण का आरोप

**अजमेर।** सरवाड़ के रहने वाली एक महिला ने उसके पड़ोसी पर बलात्कार करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने अपने पति के साथ पुलिस कप्तान के पास पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। पति ने मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा कि उसका पडोसी अमीर खान पिछले एक महीने से डरा धमका के यौन शोषण कर रहा है।

## लायनेस क्लब ने निकाली रैली विद्यार्थियों ने दिया शिक्षा का संदेश



**अजमेर.** विश्व साक्षरता दिवस पर लायनेस क्लब की ओर से विशाल रैली निकाली गई। रैली राजकीय विद्यालय वैशाली नगर से शुरू हुई। रैली में 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। लायन सतीश बंसल और आभा गांधी के नेतृत्व में निकाली गई रैली में विद्यर्थियों ने शिक्षा के महत्व से सबंधित नारे लगाकर जागरुकता फैलाई। विद्यार्थियों ने नारे लिखी तख्तियां भी अपने हाथों में ले रखी थी।

# जर्जर हो रहा है केंद्रीय बस स्टैंड का सुलभ शौचालय

**सिटी रिपोर्ट। अजमेर**

केंद्रीय बस स्टैंड पर लोगों की सुविधा के लिए बना सुलभ शोचालय दुर्दशा का शिकार हो रहा है। यहां बैंठे ठेकेदार के कर्मचारी लोगों से पैसा तो पूरा वसूल रहे हैं लेकिन सुविधा देने के नाम पर हालात बदतर ही हैं। विभाग की अनदेखी के कारण सुलभ शोचालय जगह जगह से जर्जर हो रहा है। यह किसी हादसे को निमंत्रण दे रहा है। कई बार लिखित शिकायत के बाद भी रोडवेज प्रबंधन के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। शौचालय की हालात किसयी खंडहर नुमा स्थान जैसी हो रही है। बिजली की वायरिंग और शोकेट पर उखड़ चुके हैं। जाहिर इसके निर्माण के बाद से अब तक अधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली है।

# जटिया गांव में करंट की चपेट में आने से एक की मौत। तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी

**भवन निर्माण का चल रहा था कार्य। 11 हजार केवी की बिजली लाइन गुजर रही थी नजदीक से, संसदीय सचिव सुरेश रावत पहुंचे अस्पताल**

**सिटी रिपोर्ट। अजमेर**

निकटवर्ती गांव जटिया में बड़ा हादसा हो गया। यहां एक भवन निर्माण के कार्य के दौरान बिजली का करंट लगने से चार लोग चपेट में आ गए। 11 हजार केवी बिजली लाइन से आए झटके के चलते एक की मौत हो गई। जबकि तीन अन्यों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के बाद संसदीय सचिव सुरेश रावत भी जवाहर लाल नेहरू अस्पताल पहुंचे। उन्होंने आपतकालीन विभाग पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गोखरू को भी बुला लिया। घटना सुबह उस समय घटी जब जटिया गांव में भवन निर्माण के लिए चार मजदूर लोहे के एंगल चढ़ा रहे थे। इसी दौरान पास से गुजर रही 11 हजार केवी की विद्युत लाइन का करंट आ गया। करंट की चपेट में चारो मजदूर आ गए। इनमें ओम प्रकाश पुत्र उगमसिंह की मौत हो गई। वहीं भागचंदपुत्र जोधासिंह, भागू पुत्र बिन्जा, शुनान पुत्र गोमसिंह को गंभीर अवस्था में जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी पहुंचे।

## जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का हुआ समापन

**सिटी रिपोर्ट। अजमेर**

जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का समापन हुआ। मेया कॉलेज में हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वासुदेव देवनानी ने विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार बांटे। कार्यक्रम के दौरान तैराकी स्पार्धा से जुड़े विद्यार्थी और खेल अधिकारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए थी। पुरस्कृत विद्याथी प्रसन्न हुए।



**आनासागर की बदलती हुई तस्वीर। पाथवें से निखरना शुरु हो सौंदर्य। फोटो अशोक बंदवाल**

# देश की सेवा में लगे एक सैनिक के साथ हुई ठगी

**ठग ने ऑनलाइन धोखाधड़ी कर एटीएम से निकाले 40 हजार रुपए। पिता ने कहा कि बैंक प्रणाली भी सुरक्षित नहीं, तो कहां रखे पैसे**

**अजमेर.** एक ठग ने ऑनलाइन धोखाधड़ी करते हुए देश की सेवा कर रहे रज्जाक नाम के एक फौजी के अकाउंट से 40 हजार रुपए निकाल लिए। तीन दिन पहले फौजी के मोबाइल पर बैंक से पैसे निकालने का मैसेज आया था। जबकि फौजीर ज्जाक खान ने पैसा नहीं निकाला था। उसने अपने पिता को फोन कर अकाउंट में रखे सारे पेसे निकालने के लिए कहा। पिता ने शेष बचे 5 हजार रुपए भी निकाल लिए। तब कहीं जाकर पैसा बच पाया। ठग ने दो बार पीएनबी और एक बार एसबीआइ बैंक के एटीएम से पैसे निकाले हैं। पीड़ित के पिता ने मीडिया से कहा कि पैसे न घर में सरुक्षित हैं और नही बैंकों में। तो फिर नागरिक किस व्यवस्था पर भरोसा करें। पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है।

## सार समाचार

### 65 फुट का रावण का पुतला फूंका जाएगा



**अजमेर।** अक्टूबर माह में आने वाले दशहरा पर्व पर अजमेर के पटेल मैदान में 65 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा। रावण के साथ मेघनाथ और कुंभकरण के 45-45 फुट के पुतले भी फूंके जाएंगे। नगर निगम की आरे से हर साल पटेल मैदान में दशहरा पर्व मनाया जाता है। निगम की ओर से पर्व को मनाने के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी है। आगरा से आए कारीगरों ने तीनों के पुतलों का निर्माण करना शुरू कर दिया है। रावण के पुतले में खास विशेषता भी रहेगी। उसकी नाभि से चिन्गारी निकलेगी। साथ ही सिर और हाथ भी हिलेंगे।

### जिंदा लोगों को मृत बताकर इंश्योरेंस कंपनी से 50 लाख रुपए की ठगी

**अजमेर।** एक्साइड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के एक एजेंट द्वारा कंपनी के साथ ही धोखाधडी कर 50 लाख रुपए हजम करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार इंदरजीत सिंह राठौड़ की रिपोर्ट पर ऐजेंट के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। ऐजेंट पर आरोप है कि उसने आठ से दस जिंदा लोगों को मृत बताकर कंपनी से लगभग 50 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राजस्व बढोतरी के लिए हुई बैठक

**अजमेर।** राजस्व की की बढोतरी और उससे जुड़े कार्यों को गति देने के लिए कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गइ। बैठक में उपखंड अधिरी, मतहसीलदार व नायाब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। कलेक्टर गौरव गोयल ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों के समाने आने वाली समस्याओं को जाना।

### एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीम ने ढूंढी लाश

**अजमेर।** जवाजा के तालाब में नहाते समय डूबने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद लाश ढूंढने के लिए अजमेर से एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीम को रवाना किया गया। टीम के सदस्यों ने शाम सात बजे से राम 11 बजे तक सर्च अभियान चलाया लेकिन लाश ढूंढने में सफलता नहीं मिली। शुक्रवार की अल सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। टीम के गोताखोरों ने बड़ी मेहनत के बाद आखिरकार लाश को निकालने में कामयाबी हासिल कर ली।

### पुष्कर में चोरों ने चुराई मोटर साइकिल

**दिनेश पाराशर। पुष्कर**

पुष्कर में चोरी की वारदातें रूकने का नाम नहीं ले रही। गुरुवार को दिन दहाड़े तीन शातिर चोरों ने एक मकान के बाहर खड़ी मोटर साइकिल को चुराकर चलते बने। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की पूरी वारदात कैद हो गई। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों को तलाश रही है।

बेटियों के अधिकारों के लिए निकाली रैली। सोफिया स्कूल की

### बेटी को सम्मान दो-बेटे जैसा प्यार दो

**अजमेर।** बेटी दिवस पर सोफिया कॉलेज की छात्राओं ने रैली निकाल कर बेटियों के अधिकारों के प्रति लोगों को जागरुक किया। एनएसएस से जुड़ी छात्राओं ने रैली निकाल कर बेटीयों को सम्मान देने के लिए नारे लगाए। छात्राओं ने समाज में बेट और बेटियों के बीच किए जाने वाले भेदभाव को अनुचित बताते हुए इसे श्रेष्ठ समाज की अवधारणा के खिलाफ बताया। रैली सोफिया कॉलेज से शुरू होकर गई मार्गों से होती हुई वापस कॉलेज पहुंचकर समाप्त हुई।

### किसानों की मांग को लेकर बैठक

**अजमेर।** किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए किसान नेताओं ने बैठक की। बैठक में किसानों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सरकार के प्रति भी नराजगी जताई गई। किसान नेताओं का कहना है कि सरकार की नीतियों के चलते कृषि के काम में आने वाली सभी चीजों के दाम तो बढ़ते जा रहे हैं लेकिन किसान की उपज को उसके अनुसार नहीं मिल पा रहा है। जिससे किसान का जीवन संकट में आ गया है। घटे के इस सौदे के कारण किसान को खेती कार्य से मोह भंग होने लगा है। सरकार को चाहिए कि वो किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीरता दिखाते हुए उनके हित में बड़े निर्णय करें।

### पैरोल से फरार हुआ हत्या का आरोपी आया पुलिस गिरफ्त में

**अजमेर।**

चुरू में सन 2005 में अपनी पत्नि की हत्या करने वाला फरार अपराधी को सिल लाइन थाना पुलिस ने धर दबोचा है। रामधन को हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा हुई थी। वह सेंट्रल जेल में बंद था। सन 2011 में वह पैरोल पर जेल से बाहर आया था। इसके बाद से फरार चल रहा था। पुलिस कप्तान ने रामधान की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की स्पेशल टीम बनाई थी। पुलिस की टीम काफी प्रयासों के बाद अपराधी तक पहुंचने में कामयाब हो गई।

स्वामी व प्रकाशक नरेश राघानी के लिए राजेन्द्र वर्मा द्वारा अरावली प्रिंटिंग प्रेस 60 झलकारी नगर, अलवर गेट, अजमेर से मुद्रित व कार्यालय हॉराइजन हिन्द,बी-36बी, अहिंसा मार्ग, बी-ब्लॉक, पंचशील, अजमेर से प्रकाशित। संपादक नरेश राघानी